भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 4741

उत्तर देने की तारीखः 22.07.2019

संस्थाओं को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा

4741. श्री गोपाल जी ठाकुरः

श्री कानुमुरू रघु राम कृष्णराजूः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय और संस्थाओं सहित संस्कृत विद्यापीठों को केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का दर्जा देने का प्रस्ताव किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्ताव को कब तक लागू किए जाने की संभावना है;

(ग) इस प्रस्ताव से लाभान्वित होने वाले संस्थानों की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों की किन्हीं संस्थाओं को इस प्रस्ताव में शामिल किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ): तीन मौजूदा सम-विश्वविद्यालयों नामत: राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरूपति, आंध्र प्रदेश और श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली को संस्कृत के लिए कैंद्रीय विश्वविद्यालयों में परिवर्तित करने संबंधी प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, जो वर्तमान में अंत: मंत्रालयी परामर्श स्तर पर है।

*****